हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, शनिवार, 23 मार्च 2024

तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 17.0 डिग्री

12 विद्यार्थियों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर मनाया पर्व



12 सेविकाओं ने सफाई कर दिया स्वच्छता का संदेश



## खबर संक्षेप

### जींद: गाड़ी की टक्कर से बाइक सवार दंपती घायल

**जींद।** गांव झांज कला के निकट तेज रफ्तार गाड़ी ने बाइक को टक्कर मार दी। जिसमें बाइक सवार दंपती घायल हो गया। सदर थाना पुलिस ने फरार गाड़ी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव घोघड़िया निवासी सुनील ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह उसकी पत्नी पूजा को बाइक पर लेकर शहर में आ रहा था।

### सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत

**गुहला चीका।** उपमंडल के गांव हरिगढ़ किंगन में हुई एक सड़क दुर्घटना में जग्गू नामक एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक युवक हरिगढ़ गांव का ही रहने वाला था बाइक वाली जुगाड़ गाड़ी चलाकर परिवार का पालन पोषण कर रहा था और इसी दौरान सड़क दुर्घटना के चलते उसकी मौत हो गई। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### तस्करी कर शराब ले जा रही बोलेरो गाड़ी पकड़ी

**जींद।** पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने गांव लुदाना के निकट बोलेरो गाड़ी को काबू कर उसमें से चार पेटी शराब बरामद की है। पुलिस ने पकडे.गए गाड़ी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि गांव मोरखी की तरफ से बोलेरो गाड़ी में शराब को तस्करी कर गांव लुदाना की तरफ लाया जा रहा है।

### बाइक की टक्कर से बुजुर्ग महिला घायल

**कैथल।** राजौंद में मोटरसाइकिल चालक ने एक बुजुर्ग महिला को टक्कर मारकर घायल कर दिया। पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। राजौंद निवासी 89 वर्षीय शीला देवी ने पुलिस को शिकायत दी कि 21 मार्च को सुबह के समय वह कस्बे के मुख्य मार्ग से जा रही थी। सागर नामक चालक ने तेजगति व लापरवाही से वाहन चलाते उसे टक्कर मार दी।

### पाई में नेशनल कबड्डी प्रतियोगिता 28 से

**पाई।** पाई में 28- 29 मार्च को दो दिवसीय नेशनल कबड्डी स्पर्धा होगी। डीपी दिलबाग ने बताया कि प्रतियोगिता में बड़ी-बड़ी टीमें भाग लेंगी। बताया कि 28 को 57 किलो वर्ग की प्रतियोगिता होगी, जिसमें प्रवेश शुल्क 200 रुपये होगा। प्रथम टीम को 11 हजार , द्वितीय को 7100 रुपये तथा तृतीय व चौथे स्थान पर रहने वाली टीम को 2100- 2100 रुपये दिए जाएंगे।

### प्रताड़ित करने के आरोप में पति गिरफ्तार

**कैथल।** कैथल शहर की एक कॉलोनी की बेटी के साथ दहेज के लिए मारपीट कर उसे प्रताड़ित करने के आरोप में थाना शहर पुलिस की एचसी बबली द्वारा पीड़िता के पति माता गेट कैथल निवासी आशीष को गिरफ्तार कर लिया गया। पीड़िता द्वारा पुलिस को दी शिकायत अनुसार पीड़िता की शादी 4 मार्च 2022 को आशीष उपरोक्त के साथ हुई थी।

### उद्घघोषित अपराधी को किया गिरफ्तार

**कैथल।** वर्ष 2019 दौरान के अवैध देसी कट्टा रखने के एक मामले में स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट प्रभारी एसआई रमेश की अगुवाई में एचसी मोहन लाल की टीम द्वारा आरोपी रतेरा जिला भिवानी निवासी राकेश कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया।

### खेत से सामान चोरी का आरोपित पकड़ा

**कैथल।** खेत से लोहे का सामान चोरी करने के मामले में सीआईए-1 पुलिस प्रभारी इंस्पेक्टर महेंद्र सिंह की अगुवाई में एचसी राजीव द्वारा आरोपी सीवन निवासी कर्मबीर उर्फ करमु को काबू कर लिया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पाड़ला निवासी भानु सिंह की शिकायत अनुसार खेत से 7 मार्च को अज्ञात चोर खेत से फाले, हैरो व जंदरा चोरी कर ले गया था।

# होली के दिन एमरजेंसी वार्ड में तीन-तीन चिकित्सक स्पेशल ड्यूटी पर रहेंगे

## होली पर्व को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने की विशेष तैयारी, ऑन कॉल जिले के सभी चिकित्सक रहेंगे मौजूद

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

होली पर्व को देखते हुए किसी भी अनहोनी आशंका को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने अपनी तैयारियां पहले ही कर ली हैं। इस बार होली के दिन एमरजेंसी वार्ड में तीन-तीन चिकित्सक स्पेशल डयूटी पर रहेंगे। वहीं एमरजेंसी वार्ड में हर प्रकार की जरूरी दवाएं रखने के आदेश दिए गए हैं ताकि किसी भी अप्रिय घटना पर उससे निपटा जा सके। इसके साथ ही सभी चिकित्सकों को स्टेशन नहीं छोड़ने और ऑन कॉल ड्यूटी पर 24 घंटे उपलब्ध रहने के निर्देश हैं। होली के दौरान कई बार लड़ाई, झगड़े या फिर रैश ड्राइविंग के चलते हादसे हो जाते हैं। जिसके चलते लोग उपचार के लिए नागरिक अस्पताल पहुंचते हैं। यहां घायलों को तुरंत उपचार मिल सके तथा चिकित्सकों की कमी नहीं रहे, इसके लिए विभाग ने अपना रोस्टर तैयार कर लिया है। एमरजेंसी वार्ड में सोमवार को सुबह, शाम तथा रात को चिकित्सकों की ड्यूटी का रोस्टर तैयार किया गया है। इसमें सुबह तथा शाम की शिफ्ट में तीन-तीन चिकित्सक ड्यूटी देंगे जबकि रात को दो चिकित्सकों की ड्यूटी लगाई गई है। पोस्टमार्टम के लिए अलग से एक चिकित्सक तैनात रहेगा। ऐसे में एमरजेंसी वार्ड में किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं आएगी। इसके अलावा ज्यादा एमरजेंसी होने पर पूरे अस्पताल के चिकित्सकों को भी बुलाया जा सकता है। कोई भी चिकित्सक छुट्टी होने के कारण अपना स्टेशन नहीं छोड़ पाएगा। सोमवार को होली पर्व पर सुबह की शिफ्ट में मेडिकल ऑफिसर डा. मनजीत, डा. कर्मवीर तथा हड्डी रोग विशेषज्ञ डा. योगेश मलिक तैनात रहेंगे। शाम की शिफ्ट में डा. शुभम, सर्जन डा. चंद्रमोहन तथा हड्डी रोग विशेषज्ञ डा. अमित मोर की ड्यूटी लगाई गई है। रात के समय डा. अंशुल तथा हड्डी रोग विशेषज्ञ डा. संतलाल बैनिवाल की ड्यूटी एमरजेंसी वार्ड में डयूटी रहेगी।




एमरजेंसी वार्ड।




कंट्रोल रूम।

### रात को दो चिकित्सक ड्यूटी पर रहेंगे

सीएमओ डा. गोपाल गोयल ने बताया कि सभी चिकित्सकों को ऑन कॉल मौजूद रहने के आदेश दिए गए हैं। अस्पताल के एमरजेंसी वार्ड में दवाइयों का पूरा स्टॉक रखवाया गया है। एमरजेंसी वार्ड में होली पर्व पर सुबह व शाम को तीन-तीन चिकित्सक मौजूद रहेंगे जबकि रात को दो चिकित्सक ड्यूटी पर रहेंगे। इसके अलावा पोस्टमार्टम के लिए भी स्पेशल चिकित्सक की डयूटी लगाई गई है।

## सीएम फ्लाइंग ने किया कृषि विभाग का औचक निरीक्षण

# जांच में सम्मान निधि योजना से वंचित मिले 41 हजार धरतीपुत्र

## योजना की विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर मुख्यालय भेजी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

सीएम फ्लाइंग तथा कृषि उप निदेशक ने शुक्रवार को कृषि एव कल्याण विभाग का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सभी कर्मी ड्यूटी पर पाए। रिकार्ड जांचने पर प्रधानमत्री किसान सम्मान निधि योजना में भूमि विवरण, खातों से आधार लिंक, ई केवाईसी पूर्ण न होने के कारण लगभग 41 हजार किसानों को योजना के लाभ से वंचित पाया गया। जबकि जिले में योजना के तहत 154415 किसान पंजीकृत हैं। जिसकी सीएम फ्लाइंग ने विस्तृत रिपारे्ट बना मुख्यालय को भेज दी है। आगामी कार्रवाई कृषि विभाग द्वारा अमल मे लाई जाएगी। सीएम फ्लाइंग को सूचना मिली थी कि कृषि विभाग मे कर्मी कार्यालय से नदारद रहते है। जिसके चलते कामकाज के सिलसिले में आने वाले किसानो को परेशानी का सामना करना पडता है। साथ ही सरकार द्वारा देय योजनाओं का लाभ किसानों को नही मिल रहा है। जिसके आधार पर डीएसपी राजदीप के नेतृत्व मे टीम का गठन किया गया। जिसमें सीए फ्लाइंग के सब इन्सपैक्टर पवन, खुशी राम, चरणसिंह को शामिल किया गया। टीम मे कृषि विभाग के उपनिदेशक डा. गिरीश नागपाल भी शामिल हुए। सयुक्त टीम ने कृषि एव किसान कल्याण कार्यालय मे दस्तक दी ओर हाजरी रजिस्ट्र को कब्जे मे ले लिया। जांचने पर सभी कर्मी कार्यालय में हाजिर पाए गए। जिसके बाद टीम ने सरकार द्वारा किसानो को दी जा रही प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के रिकार्ड को जांचा। जिसमे पाया गया कि योजना के अनुसार जिले मे एक 1,54,415 किसान पजीकृत है। जाचने के दौरान सामने आया की जिले के 40813 किसाने पीएम किसान सम्मान निधि योजना वंचित है। जिसमे पाया गया की 18140 किसानो की ई केवाईसी पूर्ण नही है। 10976 किसानो का भूमि विवरण से मिलान नही हुआ तो 11598 किसानो का आधार बैक खातो से मिलान न होना पाया गया। जिस पर सीएम फलाईग ने औचक निरीक्षण की विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर मुख्यालय को भेज दी है। आगामी कार्रवाई कृषि विभाग द्वारा अमल मे लाई जाएगी।



जींद। जांच करते टीम। फोटो :हरिभूमि



### रिपोर्ट मुख्यालय भेजी

सीएम फलाईग के डीएसपी रविद्र कुमार ने बताया की कृषि विभाग का औचक निरीक्षण किया गया था। योजना में मिस मचिग की समस्या सामने आई। जिसकी रिपोर्ट बना कर मुख्यालय को भेज दी गई है। आगामी कार्रवाई कृषि विभाग करेगा।

# गांव नीमवाला के पास कंटेनर पलटा

- नारनौल से कबाड़ी का सामान भरकर गोबिंदगढ़ पंजाब के लिए जा रहे थे

हरिभूमि न्यूज ▸▸| राजौंद

गांव नीमवाला के नजदीक रात के समय चालक को नींद की जबकि आने पर कंटेनर खदानों में पलट गया। इसमें चालक व परिचालक बाल बाल बच गए। जानकारी के अनुसार नारनौल से कबाड़ी का सामान भरकर गोबिंदगढ़ पंजाब के लिए जा रहे थे। गांव नीमवाला से निकलते ही ड्राइवर को नींद जबकि आ गई। जिससे वह कंटेनर पर संतुलन खो बैठा और गाड़ी साथ लगते गहरी खाई में पलट गई। इसमें चालक की टांग पर काफी चोट आई है। लेकिन परिचालक इसमें बाल.बाल बच गया। किछाना कूई पर ढाबे में सो रहे लोगों ने आवाज सुनकर घटना स्थल पर तुरंत पहुंचे उन्होंने चालक को उपचार के लिए कैथल भिजवा। इसकी सूचना परिचालक ने मलिक को सूचना दी जिससे मलिक मौके पर पहुंचा।



राजौंद। गांव नीम वाला के पास गहरी खाई में पलटा कंटेनर।

**असंतुलित होकर टैंपों भागल के तालाब में पलटा:** गुहला-चीका। पेहवा चीका मुख्य मार्ग पर टैपो स्थित आदर्श गांव भागल के पास तालाब में पलट गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार गनीमत यह रही कि दुर्घटना में टैम्पो चालक बाल-बाल बच गया। चालक भूपेंद्र सिंह ने बताया कि वह टैम्पो में कुरुक्षेत्र से आनलाइन कम्पनी फ्लीप कार्ड का इलैक्ट्रोनिक सामान लोड कर चीका के लिए चला था परंतु जैसे ही वह भागल के पास पहुंचा, तो वहां भागल चीका मेन रोड पर सड़क पार कर रही एक महिला टैम्पो के सामने आ गई और उसी महिला को बचाने के चक्कर में वह स्टेयरिंग पर से अपना संतुलन खो बैठा।

# सीआईए ने लकड़ियों के ढेर में छुपा रखा 1.300 किलोग्राम गांजा पकड़ा

- पूर्व में भी महिला पर दर्ज है नशीला पदार्थ तस्करी का मामला

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

सीआईए स्टाफ नरवाना ने छापेमारी कर गांव धमतान साहिब मंदिर के साथ प्लाट में लकड़ियों के बीच छुपा कर रखे गए एक किलो 300 ग्राम गांजापत्ति को बरामद किया है। गढ़ी थाना पुलिस ने एक महिला के खिलाफ नशीले पदार्थ निरोधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सीआईए स्टाफ को सूचना मिली थी कि गांव धमतान साहिब निवासी सुनीता नशीले पदार्थ बचने का कार्य करती है। पूर्व में भी सुनीता के खिलाफ नशीले पदार्थ निरोधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज है। सुनीता ने मंदिर की दिवार के साथ अपने प्लाट में लकड़ियों के ढेर में नशीला पदार्थ छुपाया हुआ है। जिसे वह बेचने की फिराक में है। सूचना के आधार पर सीआईए स्टाफ ने जब सुनीता के प्लाट में पहुंच वहां पडे.लकड़ियों के ढेर की तलाशी ली तो वहां पर पॉलिथीन के लिफाफे में गांजापत्ति मिली। जिसका वजन एक किलो 300 ग्राम पाया । गढी थाना पुलिस ने सीआईए कर्मी की शिकायत पर सुनीता के खिलाफ नशीला पदार्थ निरोधक अधिनियम के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### मोटे ब्याज का झांसा दे लाखों का लगाया चूना

**सफीदों।** उधार राशि पर माटे ब्याज का झांसा देकर लगभग साढे 12 लाख रुपये का चूना एक व्यक्ति को लगाए जाने का मामला सामने आया है। शहर थाना सफीदों पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर एक व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच रही है। सीता श्याम निवासी हितेष वर्मा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि नजफगढ़ दिल्ली निवासी कुसाग गर्ग सफीदों में मोबाइल का कारोबार करता था। आरोपित ने उसके साथ दोस्ती को बढाया और विश्वास में ले लिया। कुसाग ने बताया की वह थौक में मोबाइल खरीदता है। जिसमें उसे अच्छा मुनाफा होता है। जिसके लिए उसे राशि का जरूरत है। वह एक लाख रुपये देने पर उसे 30 दिन मे पांच हजार ब्याज देगा। जिस पर उसने कुसाग को 79 हजार रुपये दिए तो उसने एक माह बाद चार हजार रुपये दिए। जिस पर उसका विश्वास ओर पक्का हो गया। जिसके चलते उसकी 12 लाख 63 हजार की राशि कुसाग के पास चली गई।

# इनसो कार्यकर्ताओं ने वीसी को सौंपा ज्ञापन

## खराब रिजल्ट को दुरूस्त किए जाने की मांग उठाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

चौधरी रणवीर सिंह विश्वविद्यालय द्वारा अंडर ग्रेजुएट कक्षाओं का परिणाम घोषित किया गया है। इस परिणा से हिंदू कन्या कालेज के परीक्षा परिणाम को लेकर छात्राएं नाराज हैं। हिंदू कालेज की 'यादातर छात्राओं को फेल कर दिया गया। अपने इस परिणाम से छात्राएं संतुष्ट नहीं है।

इसको लेकर इनसो प्रधान मोनू मलिक के नेतृत्व में छात्राओं ने वीसी डा. रणपाल सिंह से मिल कर ज्ञापन सौंपा। मोनू मलिक ने कहा कि जो छात्रा पहले सेमेस्टर में अपनी कक्षा में टॉपर थी। उनको इस बार बहुत कम अंक या परिणाम में रि-अपीयर दिखाया गया है। जोकि गलत है। अगर जल्द ही इसका समाधान करके परीक्षा परिणाम को अपडेट नहीं किया जाता है तो इनसो छात्राओं के साथ आंदोलन करेगी। वीसी डा. रणपाल सिंह ने आश्वासन दिया कि जल्द सभी छात्राओं का रिजल्ट रिवाइज कर अपडेट कर दिया जाएगा और आने वाले समय में ऐसी समस्या कभी नहीं आएगी।



जींद। वीसी को ज्ञापन सौंपते इनसो कार्यकर्ता। फोटो :हरिभूमि

# दरियावालावासियों का लघु सचिवालय में प्रदर्शन

## एसपी को ज्ञापन सौंप जानलेवा हमले के आरोपितों को गिरफ्तार करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

दरियावाला के ग्रामीणों ने शुक्रवार को मारपीट के मामले में आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर लघु सचिवालय में प्रदर्शन किया और एसपी सुमित कुमार से मिले। गांव दरियावाला निवासी भीम सिंह, महेंद्र, सूरजमल, भूप सिंह, कृष्ण, सतवीर, रणधीर, संजय व जितेंद्र ने कहा कि नरवाना रोड पर तेज सिंह वेल्डिंग और उसका भाई भीम सिंह खल की दुकान चलाता है। आठ मार्च को तेज सिंह और उसका भाई 7 बजे दुकान बंद कर बाइक पर सवार होकर गांव दरियावाला जा रहे थे। जब वह जुलानी फाटक से आगे निकले तो चार बाइक पर सवार 10-15 युवकों ने उनका रास्ता रोक कर दोनों भाइयों को काफी चोट मारी। इस मामले की शिकायत सदर थाना पुलिस को दी गई लेकिन पुलिस ने मामले में कार्रवाई नहीं की जबकि घटना आसपास के सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हो गई थी। इसमें से कुछ के चेहरे भी पहचाने जा सकते हैं। तेज सिंह ने कहा कि आरोपितों ने उसके भाई भीम सिंह से एक लाख दस हजार रुपये भी छीन लिए थे। 14 मार्च तक कोई कार्रवाई नहीं होने उपरांत परिजन गांव के मौजिज व्यक्तियों के साथ पुलिसकर्मियों से मिले थे और कार्रवाई की मांग की थी लेकिन दोषियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद ग्रामीण एसपी के पास पहुंचे। कहा कि एसपी ने सीआईए को जांच सौंप कर जल्द से जल्द दोषियों के खिलाफ उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।



जींद। लघु सचिवालय में प्रदर्शन करते ग्रामीण। फोटो :हरिभूमि

## स्वास्थ्य विभाग के पास 1495 क्षय रोगी रजिस्टर्ड

# क्षय रोग का पूर्ण इलाज संभव : सीएमओ

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

जिला क्षय रोग केंद्र में सीएमओ डा. गोपाल गोयल की अध्यक्षता में वर्ल्ड टीबी-डे दिवस के उपलक्ष में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सीएमओ डा. गोपाल गोयल व डा. संदीप लोहान ने निक्षय योजना के तहत टीबी के पांच-पांच मरीजों को गोद लिया और उन्हें पोषणयुक्त आहार किट प्रदान की। सरकार 2025 तक देश को टीबी यानी तपेदिक या क्षय रोग से मुक्त बनाने का लक्ष्य रखा है। इसके लिए सरकार ने निक्षय योजना के तहत टीबी मरीज को गोद लेने की पहल की शुरुआत की हुई है। इस योजना के तहत कोई भी स्वयंसेवी संस्था, औद्योगिक ईकाई या संगठन, राजनीतिक दल या कोई भी व्यक्ति टीबी के मरीज को गोद ले सकता है और उन्हें पोषणयुक्त आहार देता है। जिसमें चना, गुड़, दाल, सोयाबीन व अंडे इत्यादि शामिल हैं ताकि वह उसका समुचित इलाज करा सके। ऐसा इसलिए किया गया है ताकि लापरवाही की वजह से टीबी के मरीज बीच में ही इलाज न छोड़े। अबतक समाजसेवी संस्थाओं व अधिकारियों द्वारा 800 मरीजों को गोद लिया जा चुका है और विभाग के पास 1495 क्षय रोगी रजिस्ट्रड हैं। सीएमओ डा. गोपाल गोयल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि कहा कि यह बीमारी किसी भी आयु वर्ग को हो सकती है। यह एक संक्रामक रोग है जोकि कीटाणु माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस से फैलता है। कीटाणु मुख्य रूप से फेफड़ों को प्रभावित करता है जिसके कारण फेफड़ों की टीबी होती है। कभी कभी यह शरीर के अन्य अंगों को भी प्रभावित करता है। टीबी के संभावित मरीजों में मुख्य तौर पर दो सप्ताह से ज्यादा लगातार खासी रहना है।







राजौंद । कॉलेज बनाओ सीवरेज प्लांट हटाओ संघर्ष समिति सदस्य व अन्य।

### कॉलेज बनाओ समिति के सदस्य उपायुक्त से मिले

**राजौंद।** राजौंद में कॉलेज बनाओ सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट हटाओ संघर्ष समिति के सदस्य जिला उपयुक्त से मिले। संघर्ष समिति के प्रधान राकेश राणा व काका राणा ने बताया कि उन्हें एसडीएम की तरफ से कैथल बुलाया था। जिससे वह मांग को लेकर एसडीएम से मिले और एसडीएम द्वारा जिला उपायुक्त से बात कर उनकी मुलाकात करवाई गई। उन्होंने उपायुक्त को बताया कि वह लगातार 55 दिनों से कॉलेज की मांग को लेकर धरना दे रहे हैं। लेकिन अभी तक भी उनकी मांग की तरफ किसी ने ध्यान नहीं दिया। इस दौरान जिला उपायुक्त को सारी जानकारी से अवगत करवाया गया। उन्होंने कहा कि जहां सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का उद्घाटन किया गया है। वहां वह कॉलेज बनाने की मांग कर रहे हैं। क्योंकि यह स्थान बस स्टैंड और मुख्य मार्ग के बिल्कुल नजदीक है शहर में ही है। जहां लड़कियों को शिक्षा ग्रहण करने में किसी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। जबकि सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट तो कहीं भी बनाया जा सकता है।

**खबर संक्षेप**

### पिंडारा तीर्थ पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आज शाम को

**जींद।** होली महोत्सव के उपलक्ष्य में सरस्वती कला मंच जुलाना द्वारा पिंडारा तीर्थ पर शनिवार शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। होली के रंग, आपके संग कार्यक्रम में हरियाणवी लोक नृत्य, बीन जोगी टीम द्वारा कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जाएगी। कार्यक्रम निदेशक रविशंकर ने बताया कि शाम चार बजे कार्यक्रम शुरू हो जाएगा।

### जाट धर्मशाला में रक्तदान कैंप आज

**जींद।** जाट धर्मशाला में शनिवार को भगत सिंह के बलिदान दिवस पर युवा विकास समिति द्वारा रक्तदान शिविर और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। समिति के अध्यक्ष और जिला युवा पुरस्कार विजेता प्रदीप रेढू ने बताया कि सुबह 10 बजे रक्तदान शिविर शुरू होगा।

### कलेक्टर रेट का ड्राफ्ट वेबवासइट पर अपलोड

**जींद ।** जिले में वर्ष 2024-25 के लिए जमीन के कलेक्टर रेट निर्धारित किए जाने हैं। कलेक्टर रेट का ड्राफ्ट जींद की वेबवासईट पर अपलोड किया गया है। इन कलेक्टर रेट ड्राफ्ट पर उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने आमजन से 25 मार्च तक आपत्ति एवं सुझाव आमंत्रित किए है। उपायुक्त ने कहा कि जिला जींद के वर्ष 2024-25 के प्रस्तावित कलेक्टर रेट जिला की वेबसाइट जींदडॉटएनआईसीडॉटइन पर अपलोड कर दिए गए है।

### राजकीय कालेज में कार्यक्रम का आयोजन

**जींद।** गांव छात्तर के राजकीय महाविद्यालय में अंग्रेजी विभाग के तत्वावधान में शुक्रवार को मैं अंग्रेजी में कमजोर क्यों हूं विषय पर समूह परिचर्चा की गई। इसमें बीए प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों ने भाग लिया और विद्यार्थियों के पांच समूह बनाए गए। ग्रुप ए की तरफ से ग्रामीण क्षेत्र में अंग्रेजी से संबंधित आने वाली समस्याओं को बताया गया।

### 130 किलो लाहण के साथ एक गिरफ्तार

**जींद ।** गढ़ी थाना पुलिस ने गांव धमतान साहिब घर में छापेमारी कर 130 किलोग्राम लाहण बरामद कर एक व्यक्ति को काबू किया है। पुलिस ने पकडे.गए व्यक्ति के खिलाफ आबकारी निरोधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गढ़ी थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि गांव धमतान साहिब निवासी राजीव उर्फ भंडर अपने घर में कच्ची शराब तैयार निकालने की तैयारी में है।

### भाजपा भगाओ दिवस मनाएंगे किसान

**जींद ।** बलिदानी दिवस के अवसर पर शनिवार को पक्का मोर्चा धरना स्थल उचाना सुबह 11 बजे लोकतंत्र बचाओ, भाजपा भगाओ दिवस मनाया जाएगा। धरना संयोजक आजाद पालवां ने बताया कि बलिदानी भगत सिंहए राजगुरुए सुखदेव की कुर्बानी को याद कर श्रद्धांजलि दी जाएगी।

### श्रीमद भागवत कथा का हुआ आयोजन

**नरवाना।** न्यू कावड़ सेवा समिति के तत्वावधान में धरौदी रोड स्थित मां काली मंदिर में श्रीमद्भावत ज्ञान यज्ञ कथा का शुक्त्रवार को छठा दिन रहा। शनिवार को मंदिर परिसर में सुबह के समय में कथा के विराम दिए जाने के बाद भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

### प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन

**नरवाना ।** के एम राजकीय महाविद्यालय नरवाना में भौतिक विभाग द्वारा विभागाध्यक्ष पूजा कांसल के मार्गदर्शन में भौतिक विषय पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया।

प्रतियोगिता में पहले स्क्रीनिंग टेस्ट हुआ जिसमें 50 बच्चों ने भाग लिया प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर सरिता तृतीय वर्षए तानिया प्रथम वर्ष व किरण द्वितीय वर्षएद्वितीय स्थान पर स्नेहा प्रथमवर्ष अमन्ना तृतीय वर्ष व सलोनी द्वितीय वर्ष तथा तृतीय स्थान पर राहुल तृतीय वर्ष कमलजीत प्रथम वर्ष सुजाता प्रथम वर्ष की टीम रही।

## शिक्षण संस्थानों में हर्ष के साथ खेली होली

# विद्यार्थियों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर मनाया पर्व

**शिक्षण संस्थानों की शनिवार से छुट्टियां होने के चलते छात्रों ने सहपाठियों के साथ होली खेली**

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

शिक्षण संस्थानों की शनिवार से छुट्टियां होने के चलते छात्रों ने शुक्रवार को अपने सहपाठियों के साथ होली खेली। राजकीय महाविद्यालय व प्रियदर्शनी इंदिरा गांधी महाविद्यालय में छात्र व छात्राएं एक-दूसरे को रंग लगाते हुए नजर आए। छात्रों ने अपने दोस्तों को होली की बधाई दी और होली खेल कर अपने घरों को वापस लौट गए। वहीं होली पर्व 25 मार्च को है और बाजार पूरी तरह से रंगों और पिचकारियों से सजे हुए हैं। बाजारों में भी दुकानों पर गुलाल और पिचकारी के साथ अन्य सामानों की खरीदारी के लिए भीड़ लगने लगी है। जिसके चलते व्यापारी उम्मीद कर रहे हैं कि होली पर अच्छा कारोबार होगा। इस बार होलिका दहन 24 मार्च रविवार को रात 10:28 बजे के बाद मनाया जाएगा। वैदिक पंचांग के मुताबिक फाल्गुन पूर्णिमा 24 मार्च को सुबह 9:54 बजे से शुरू होकर 25 मार्च को दोपहर 12:29 बजे तक रहेगी। ऐसे में होलिका दहन 24 मार्च को मनाया जाएगा। इसके साथ ही रंगों वाली होली 25 मार्च को खेली जाएगी। होलिका दहन का शुभ मुहूर्त रात 11:13 बजे से 12:27 बजे तक रहेगा। यानी के इस बार होलिका दहन के लिए कुल 1 घंटा 14 मिनट का समय मिलेगा।



जींद। होली खेलती छात्राएं। फोटो :हरिभूमि



### विश्वविद्यालय को ताला लगाने पर खुलवाने पहुंचे छात्र संगठन

होली के पर्व को मनाने के लिए सभी विभागों के विद्यार्थी विश्वविद्यालय पहुंचे थे लेकिन विश्वविद्यालय प्रशासन ने विश्वविद्यालय ताला लगा रखा था और सुरक्षाकर्मियों को तैनात कर रखा था कि कोई भी विद्यार्थी अंदर नहीं आना चाहिए। इस मामले को संज्ञान में लेकर छात्र संगठन चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के विश्वविद्यालय का ताला खुलवाने पहुंच गए छात्रों ने बताया कि सभी शांतिपूर्वक होली का त्यौहार मनाने पहुंचे थे लेकिन विश्वविद्यालय ने सभी को गेट पर ही रोक दिया।



### होली का पर्व प्यार, प्रेम, हंसी खुशी, रंगों का प्रतीक : शर्मा

**उचाना।** होली के त्योहार को हिंदू रिति रिवाजों के अनुसार एक पवित्र त्योहार के रूप में मनाया जाता है। इस दिन होलिका दहन करके। बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश दिया जाता है। पंडित रामफल शर्मा ने बताया कि हिरण्यकश्यप के कहने पर होलिका ने प्रह्लाद को मारने के लिए अपनी गोद मे बैठाकर आग में प्रवेश किया था। लेकिन भगवान विष्णु की कृपा से प्रह्लाद बच गए और होलिका जल गई। होली का महत्व प्यार, हंसी-खुशी और रंगों का पर्व है। यह दिन बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है।

# विपक्ष को तंग कर रही सरकार: निशा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद



निशा देशवाल

- भाजपा विपक्ष के नेताओं को जेल में डाल जनता में बना रही भय का माहौल

आम आदमी पार्टी महिला जिलाध्यक्ष निशा देशवाल ने कहा कि जनता की आवाज उठाने वालों की आवाज दबाने के लिए भाजपा सरकार ओच्छी राजनीति कर रही है। विपक्ष के नेताओं को जेल में डाला जा रहा है। जब जनता विरोध करती है तो उन पर लाठी बरसाई जाती हैं और वाटर कैनन का प्रयोग किया जा रहा है। उन्होंने कुरूक्षेत्र में आम आदमी पार्टी कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज की निंदा की। उन्होंने कहा कि चुनाव में जनता वोट से चोट कर भाजपा से अपना बदला लेगी। निशा देशवाल आम आदमी पार्टी कार्यकर्ताओं पर हुई लाठी चार्ज पर अपनी प्रतिक्रिया दे रही थी।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार तानाशाही रैवया अपनाए हुए है। सरकार के खिलाफ आवाज उठाने पर उसे ताकत के बल दबाया जा रहा है। जिसके चलते जनता मे माहौल भय का बना हुआ है। जो हालात बने हुए हैं। उससे लोकतत्र को भी खतरा पैदा हो गया है। पहले किसानों आंदोलन को कुचलने की कोशिश हुई। साढ़े सात सौ किसानों की जान आंदोलन के दौरान गई। देश की शान महिला खिलाड़ियों को न्याय के लिए सड़क पर बैठने को मजबूर कर दिया। युवाओं ने रोजगार मांगा तो उनको लाठियां मिली। व्यापारियों तथा उद्योगपतियों को जीएसटी तथा टैक्स में उलझा कर रखा गया। जनता को पोर्टलों में उलझा कर रखा गया। अगर किसी नेता ने भाजपा सरकार के खिलाफ आवाज उठाई तो उसके खिलाफ ईडी तथा सीबीआई को लगा दिया। अब दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को चुनाव घोषित होने के साथ गिरफ्तार कर लिया। पार्टी के कार्यकर्ता शांतिपूर्ण तरीके से अपने नेता की गिरफ्तारी पर विरोध जता रहे थे।सरकार के इशारे पर उन पर लाठियां बरसाई गई तथा वाटर कैनन का प्रयोग किया गया।



### टैकनो स्कुल के विद्यार्थियों ने इंटसो की परीक्षा में लहराया जीत का परचम

**जींद।** श्री चेतन्या टैकनो स्कुल ईगराह जींद में इन्टसो द्वारा करवाई जाने वाली राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया। स्कूल के पांच विद्यार्थियों प्रिंसी, संचित, सात्विक, साहिल और तरुण ने इस परीक्षा में अलग-अलग कक्षा और विषय श्रेणी में प्रथम पांच स्थान हासिल कर पूरे देश में स्कूल, अध्यापक और अपने माता-पिता को गौरवान्वित किया। स्कूल के प्रधानाचार्य कृष्णानंद ने बच्चों को उनकी इस विशेष उपलब्धि पर सर्टिफिकेट एवं मेडल देकर पुरस्कृत किया और साथ ही सभी बच्चों को भविष्य में और अधिक परीक्षाओं में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के बारे में जानकारी दी और इससे होने वाले बौद्धिक विकास के लिए जागृत किया।

### खाते फ्रिज करना गैर कानूनी और अलोकतांत्रिक : सुभाष गांगोली

**सफीदों ।** विधायक सुभाष गांगोली ने सरकार द्वारा कांग्रेस के खाते सीज किए जाने पर प्रतिक्रिया दी है।



उन्होंने इसे पूरी तरह गैर.कानूनी और अलोकतांत्रिक करार दिया। सुभाष ने कहा कि पूरे देश में आचार संहिता लगी हुई है। लेकिन ठीक चुनाव के मध्य देश के सबसे बड़े विपक्षी दल कांग्रेस के विरूद्ध इस तरह की कार्रवाई राजनीतिक द्वेष को दर्शाती है। सुभाष गांगोली ने **सफीदों विधायक** कहा कि स्वस्थ लोकतंत्र के लिए **सुभाष गांगोली** निष्पक्ष चुनाव का होना जरूरी है।

निष्पक्ष चुनाव के लिए प्रत्येक दल को लेवल प्लेयिंग फील्ड मिलना चाहिए। चुनाव के दौरान सभी दलों को समान अवसर प्राप्त होने आवश्यक है लेकिन सत्ताधारी बीजेपी देश की राजनीति पर एकाधिकार स्थापित करने की मंशा से लगातार विपक्ष को निशाना बना रही है। स्वतंत्र जांच एजेंसियों द्वारा विपक्षी नेताओं पर आनन.फानन में कार्रवाई की जा रही है। बिना दोष साबित किया विपक्ष के नेताओं को जेल भेजा जा रहा है। इंडिया गठबंधन की सहयोगी आम आदमी पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल के विरुद्ध की गई कार्रवाई, इसी कड़ी का हिस्सा प्रतीत होती है।

# डॉ. धर्मदेव बने साहित्य अकादमी के निदेशक

- डा. धर्मदेव विद्यार्थी साहित्य व शिक्षा के क्षेत्र की महान विभूति : कौशिक

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

स्थानीय डीएवी पब्लिक स्कूल में प्रसिद्ध साहित्यकार एवं शिक्षाविद प्राचार्य डा. धर्मदेव विद्यार्थी को हरियाणा साहित्य अकादमी के निदेशक बनने पर बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। अनेकों साहित्यिक एवं सामाजिक संस्थाओं द्वारा इस क्रम में उनको सम्मानित किया जा चुका है। इसी कड़ी में डा. गणेश कौशिक वरिष्ठ साहित्यकार एवं पूर्व अध्यक्ष हिंदी साहित्य प्रेरक संस्था जींद द्वारा सम्मानित करते हुए पुष्प गुच्छ भेंट किया गया। उनके साथ में शिक्षाविद साहित्य अनुरागी राजकुमार नरवाल व समाजसेवी राजकपूर आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे। डा. गणेश कौशिक ने कहा कि डा. धर्मदेव विद्यार्थी उच्च शिक्षा प्राप्त शिक्षक लेखक और समाजसेवी हैं। शिक्षा व साहित्य के क्षेत्र में 50 से अधिक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित हो चुके हैं। साहित्य और समाज पर आधारित 40 से अधिक पुस्तकों के रचयिता हैं, उनके हरियाणा साहित्य अकादमी के निदेशक बनने पर हरियाणा के सामाजिक व साहित्य के क्षेत्र में खुशी की लहर है और वह एक उत्कृष्ट लेखक के रूप में प्रसिद्ध हैं। गौरतलब है कि इस अवसर पर डा0 धर्मदेव विद्यार्थी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर आधारित पुस्तक कर्म पथ के पथिक खुद डा. विद्यार्थी ने गणेश कौशिक को भेंट की।



जींद। डा. धर्मदेव विद्यार्थी को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### गर्भवती महिलाओं को प्रसव पूर्व जांच कराना जरूरीः दीक्षा

**अलेवा।** नगूरां पीएचसी पर प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व योजना के तहत शुक्रवार को एक एएनसी चैकअप शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 57 गर्भवती महिलाओं के बीपी, यूरिन, खून, वजन, शुगर, ऊंचाई आदि की जांच की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगूरां चिकित्सा प्रभारी डा. दीक्षा यादव ने की। शिविर के दौरान गर्भवती महिलाओं को संबोधित करते हुए नगूरां चिकित्सा प्रभारी डा. दीक्षा यादव ने कहा कि इस अभियान के तहत गर्भवती महिलाओं को मातृत्व बाल सुरक्षा कार्ड तथा सुरक्षित मातृत्व पुस्तिकाएं दी जाती है। इसके अलावा उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की जांच करके एमसीपी कार्ड के साथ हरा, लाल, नीला और पीला स्टीकर लगाया जाता है। ताकि महिलाओं की हालात व जोखिम कारक का पता चल सके। जच्चा-बच्चा की सुरक्षा के लिए गर्भावस्था के दौरान व प्रसव पूर्व चार जांच कराना आवश्यक है ताकि माता मृत्यु दर व शिशु मृत्यु दर में कमी आ सके। प्रसव पूर्व जांच करके गर्भवती महिलाओं में हाई रिस्क प्रेगनेंसी का पता चलने से उनको समय पर सही उपचार व संस्थागत डिलीवरी करवाने हेतु प्रेरित किया जाता है।

# जल दिवस का महत्व समझाया

- अगर भूमिगत जल का दोहन होता रहा तो पानी के लिए होगी मारामारी : जगदीप

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

राजकीय आईटीआई में शुक्रवार को जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग, जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन द्वारा जिला स्तरीय जल दिवस मनाया गया। इसमें विभाग से कार्यकारी अभियंता जगदीप दलाल ने छात्रों को जल दिवस के महत्व के बारे में बताते कहा कि अगर हम पानी का दुरुपयोग करते रहेए भूमिगत जल का दोहन करते रहे तो वह दिन दूर नहीं जब हमें पीने के पानी के लिए कतार में लगना पड़ेगा। खंड समन्वयक दिनेश मलिक ने बताया कि संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा 1992 की बैठक में लागू किया गया था कि हर साल 22 मार्च को विश्व जल दिवस मनाया जाएगा। वर्ष 1993 ये लगातार जल दिवस मनाया जा रहा है।

उन्होंने जल के महत्व, जल संरक्षण के उपाय, जल की शुद्धता जांच के बारे में विस्तार से बताया। जल के ज्यादा दोहन से 2030 तक हम पेयजल के मामले में डार्क जोन में चले जाएंगे। जल बचाने के लिए ग्रामीण व शहरी स्तर पर विभाग द्वारा जागरुकता के लिए डोर-टू-डोर जागरुकता, कैच द रेन, वीडब्लूएससी ट्रेनिंग, नल-जल मित्र ट्रेनिंग, आरपीएल ट्रेनिंग कार्यक्रम निरंतर चलाए जा रहे हैं। खंड समन्वयक सुरेंद्र दुग्गल ने पानी की गुणवत्ता जांच के बारे में बताया।



जींद। कार्यक्रम में भाग लेते हुए छात्र। फोटो :हरिभूमि



हसनपुर में जल जीवन मिशन के तहत कार्यक्रम में भाग लेती सरपंच व अन्य।

### जल जागरूकता को लेकर छात्रों ने निकाली रैली

**अलेवा।** जल स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन की तरफ से हसनपुर स्कूल के बच्चों ने एक रैली का आयोजन किया। इसकी अध्यक्षता राजेंद्र कालता ने की। इस अवसर पर राजेंद्र कालता ने कहा कि जल जीवन की शुरूआत 15 अगस्त 2019 से हुई थी। जिससे प्रत्येक व्यक्ति को 55 लीटर प्रतिदिन स्वच्छ पेयजल समय पर उपलब्ध करवाना है। जल जीवन मिशन के तहत ही पेयजल सप्लाई व प्रबंधन का कार्य ग्राम पंचायत को दिया जाएगा। जिसमें ग्राम जल एवं सीवरेज समिति की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। पेयजल आपूर्ति से संबंधित सभी तरह की समस्या, जरूरतों के लिए यह समिति विभाग एवं ग्रामीणों के बीच कड़ी का काम करेगी। ग्रामीण विकास ट्रस्ट के अधिकारी कालता ने कहा कि ग्राम जल एवं सीवरेज समिति में भी महिलाओं की संख्या 50 प्रतिशत की गई है। महिलाएं अपनी अहम जिम्मेदारी निभां कर जल जीवन मिशन को कामयाब बना सकती है। सरपंच मीना देवी के अलावा पंच तथा आशा वर्कर उपस्थित रही।

# कान्फेड चेयरमैन का अभिनंदन

- मैनुफैक्चरर वेलफेयर एसोसिएशन ने किया अभिनंदन का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

कान्फेड के नवनियुक्त चेयरमैन कर्मवीर सैनी का वीरवार शाम को मैनुफैक्चरर वेलफेयर एसोसिएशन ने अभिनंदन किया। इस मौके पर एसोसिएशन के प्रधान सतीश कुमार ने कहा कि सैनी के चेयरमैन बनने से उन्हें उम्मीद जगी है कि उनकी समस्याओं का समाधान हो सकेगा। कर्मवीर सैनी हमेशा व्यापारियों की समस्याओं के समाधान के लिए पहले भी खड़े रहे हैं और अब चेयरमैन बनने के बाद वह और 'यादा मजबूती से व्यापारियों की समस्याओं का समाधान करवा सकेंगे। कर्मवीर सैनी ने कहा कि जींद के जो भी व्यापारी हैं, उनको किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं आने दी जाएगी। भाजपा सरकार हर वर्ग का विशेष ध्यान रखती है। पहले भी व्यापारियों की समस्याओं को प्रमुखता से हल किया हैए भविष्य में भी व्यापारियों के हितों का ख्याल रखा जाएगा। इस मौके पर एसोसिएशन के उपप्रधान मुकेश कुमार, महावीर सिंधु, सहसचिव राजेश कुमार, कोषाध्यक्ष राजकुमार वर्मा, सुशील गर्ग, अंकुर कुमार, अमित कुमार, राजीव गोयल, बिछाराम जिंदल, श्यामलाल गोयल, विनोद, विकास कुमार, राजेश कुमार गिरी ने भी कर्मवीर सैनी का अभिनंदन किया।



जींद। कान्फेड चेयरमैन कर्मबीर सैनी का अभिनंदन करते हुए। फोटो :हरिभूमि



जींद। छात्राओं को वादन कला सिखाते रामदिया। फोटो :हरिभूमि

### छात्राओं को वाद्य यंत्रों का करवाया गया अभ्यास

**जींद।** हिंदू कन्या महाविद्यालय के संगीत विभाग द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसका विषय भारतीय शास्त्रीय संगीत के रोजगार के विभिन्न आयाम रहा। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय से सहायक प्रवक्ता संगीत वादन विभाग रामदिया रहे। छात्राओं को संगीत क्षेत्र में रोजगार के क्या साधन रह सकते हैं के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि संगीत द्वारा चिकित्सा के क्षेत्र में तकनीकी क्षेत्र के कोचिंग ऑप्शनल वेबसाइट रूप में रोजगार कमाया जा सकता है। इसके पश्चात उन्होंने सितार वादन द्वारा समस्त पंडाल संगीतमयी कर दिया। कार्यशाला के अंत में डा. उपासना गर्ग, वाणि'य विभाग की वरिष्ठ प्राध्यापिका ने प्रवक्ता का धन्यवाद किया व समस्त संगीत विभागा अधिकारी, वरिष्ठ व छात्राओं को शुभकामनाएं दीं। संगीत विभाग से प्राध्यापिका डा. क्यूटी, आरती सैनी ने इस व्याख्यान की रूपरेखा बताते हुए सबका धन्यवाद किया। संगीत विभाग के प्रवीण, तबला वादक रमन ने कार्यक्रम में संगीत वादक रूप में अपनी शिरकत की व तकनीकी व्यवस्थाओं का संचालन किया।

## गांव में किए कार्यक्रमों से छात्राओं का सर्वांगीण विकासः लोहान

# स्वयंसेविकाओं ने सफाई कर दिया स्वच्छता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नरवाना

- एनएसएस स्वयं सेविकाओं को 8 समूह में बाटा गया

सनातन धर्म महिला महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय कैंप के छठे दिन की शुरुआत योगाभ्यास व गीता के वचनों से की गई । इसके बाद एनएसएस स्वयं सेविकाओं को 8 समूह में बाटा गया और इस दौरान उन्होंने कॉलेज कोरिडोर एसभी रूम और लैब की साफ सफाई की ओर स्वच्छता का संदेश देते हुए एनएसएस की स्वयं सेविकाओं ने अपने.अपने कार्योर् को अच्छे से किया और मधु शर्मा और डॉ शालू सचदेवा के द्वारा छात्रों के किए गए कार्योर् का विश्लेषण किया और उन्हें शाबाशी दी और स्वास्थ्य के लिए स्वच्छता के महत्व को बताया। एनएसएस प्रभारी मधु शर्मा ने बताया कि श्रमदान करने से हम समाज के लिए एक संदेश छोड़ते हैं इसीलिए इस अभियान में हम सभी को मिलजुल कर कार्य करना चाहिए।दोपहर के भोजन उपरांत छात्राओं ने कॉलेज प्राचार्य का रूम और स्टाफ रूम व कैंपस की साफ सफाई की। इस अवसर पर रेखा कोहली एडॉ नयनदीपए डॉ अनीता छाबड़ा उपस्थित रहे ।प्राचार्य डॉ अंजना लोहान ने कहा कि गांव में किए गए कार्यक्त्रमों से छात्राओं का सवार्गीण विकास होता है ।इसलिए कला की हर विधा में भाग अवश्य लेना चाहिए।एनएसएस हमे समाज के लिए जीना सिखाता हैं।आप सब हर कार्य को पूर्ण रूप देने में सहयोग करते है ।इसलिए एनएसएस की स्वयं सेविकाएं बधाई की पात्र हैं। मधु शर्मा और डॉ शालू सचदेवा ने कॉलेज प्राचार्या का आभार व्यक्त किया।



जींद। महाविद्यालय में सफाई करती हुई स्वयं सेविका। फोटो :हरिभूमि

# मनुष्य को अपना मन भक्ति में रमाना होगा



सफीदों। वेदाचार्य दंडी स्वामी निगमबोध तीर्थ महाराज।

**सफीदों।** नगर के श्री हरि संकीर्तण भवन में श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए वेदाचार्य दंडी स्वामी निगमबोध तीर्थ महाराज ने कहा कि हर मनुष्य को अपना उद्धार करने के लिए अपना मन प्रभु भक्ति में रमाना होगा। ईश्वर को पाने के लिए कहीं भी भटकने की आवश्यकता नहीं है। अपने हृदय रूपी मंदिर को शुद्ध व पवित्र बनाइए। क्योंकि हमारे हृदय में ही ईश्वर का वास है। वह सृष्टि के कण-कण में विराजमान है। उसकी छवि प्रकृति के हर कण में, हर जीव में देखी जा सकती है। अपने घर में शांतिपूर्वक बैठ कर, मन को एकाग्र करके, ध्यान लगाने से या ईश आराधना करने से वह सरलता से मिल जाता है। ईश्वर का स्मरण करने के लिए न कोई आयु होती है और न कोई समय। भक्त प्रह्लाद और ध्रुव के उदाहरण हमारे समक्ष हैं। दिन-रात, चौबीसों घंटे, आठों प्रहर प्रभु का नाम जपा जा सकता है। बस मनुष्य के मन में सच्ची भावना होनी चाहिए।

## खबर संक्षेप

### बर्थ सर्टिफिकेट में आई त्रुटियों को किया ठीक

**गुहला चीका।** गांव रसूलपुर स्थित 'वीणा आंगनबाड़ी में कांगथली के सरकारी अस्पताल से आई डाक्टर हितेष तंवर के नेतृत्व में आर.बी.एस. हेल्थ टीम द्वारा मार्च माह में जन्म लेने वाले बच्चों के बर्थ सर्टिफिकेट में आई त्रुटियों को दूर करने के लिए आंगनबाड़ी का दौरा किया गया और मौके पर ही त्रुटियों को दूर करने का काम किया गया।

### श्री कृष्ण कृपा मंदिर में संकीर्तन-भंडारा लगाया

**सीवन।** सीवन के श्री कृष्ण कृपा मन्दिर में शुक्रवार को संकीर्तन एवं भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गीता मनीषी स्वामी ज्ञानान्द महाराज ने शिरकत की। कार्यक्रम में दीप प्रज्ज्वलित भीष्म पितामह सरदाना, धर्म देवी, श्रवण सरदाना व सुरेन्द्र सरदाना ने करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

### तनाव और चिंता से मुक्त रहने के उपाय बताए

**कैथल।** डॉ. भीम राव अम्बेडकर राजकीय महाविद्यालय कैथल में आज राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर के सातवें दिन के प्रथम सत्र में कंचन सेठ ने स्वयंसेवकों को सुदर्शन क्रिया का अभ्यास कराया। इसके साथ- साथ तनाव और चिंता से मुक्त रहने के उपाय बताए। उन्होंने स्वयंसेवकों को कहा कि जीवन में लक्ष्य निर्धारित करें और उसे प्राप्त करने में लग जाए क्योंकि मेहनत का कोई विकल्प नहीं होता। इसके साथ झ साथ उन्होने दिमाग से सम्बंधित खेलों से एकाग्रता को प्राप्त करने का रास्ता बताया।

### आमजन को नशा ना करने बारे किया प्रेरित

**कैथल।** पुलिस टीम द्वारा आए दिन कैथल जिले में आमजन को नशे के दुष्परिणामों बारे लगातार जागरूक किया जा रहा है। इसी मुहिम तहत नशा जागरूकता टीम में शामिल एचसी सुनील कुमार की टीम द्वारा गांव दूंढ़वा में कबड्डी प्रतियोगिता दौरान खिलाड़ियों व ग्रामीणों को तथा आमजन को नशा ना करने बारे जागरूक किया गया। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया की इस दौरान एचसी सुनील कुमार द्वारा बताया गया की खेल व्यक्ति के जीवन का अभिन्न अंग है। कोई भी खेल हमें शारीरिक, मानसिक रूप से मजबूत बनाता है।

## राज्यस्तरीय मुक्केबाजी प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक समापन

# 66 महिलाओं सहित 120 बॉक्सरों ने प्रतियोगिता में दिखाया दमखम

कुल 116 बाउट खेले गए 46-48 किलो भार वर्ग में विजय राजकीय महाविद्यालय, कैथल को नेकी राम कॉलेज रोहतक के आकाश ने हराकर स्वर्ण पदक जीता।



**कैथल।** प्राचार्य डा. मनोज भांबू अव्वल रहे बाक्सरों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

डा. बी. आर. अंबेडकर राजकीय महाविद्यालय कैथल में तीन दिवसीय अंतर-महाविद्यालय राज्य स्तरीय मुक्केबाजी प्रतियोगिता का आज समापन हो गया। इस अवसर के मुख्यातिथि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मनोज भांभू रहे। उन्होंने विजेता प्रतिभागियों को बधाई दी तथा पोडियम पर खड़ा करके मेडल पहनाकर और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया तथा कहा कि हरियाणा आज देश की खेल नर्सरी बन चुका है और सरकार खेलों को बढ़ावा दे रही है। इसमे एक कड़ी और जोड़ते हुए महाविद्यालय ने इस आयोजन की मेजबानी करने का फैसला किया और खेल केवल एक पेशा नही है अपितु यह अपनी ऊर्जा को सही दिशा में लगाने का माध्यम है। खेल युवाओं को केवल नशों से ही दूर नही रखते बल्कि उन्हें उत्तम स्वास्थ्य प्रदान करते हैं। उन्होंने इस प्रतियोगिता को सुचारू रूप से आयोजित करवाने के लिए बाहर से पधारे आयोजन दल व निर्णायक मंडल का हार्दिक धन्यवाद किया।

इस प्रतियोगिता के इंचार्ज डा. सुशील कुमार ने बताया की तीन दिनों की इस प्रतियोगिता के दौरान हरियाणा राज्य के विभिन्न कालेजों की 66 महिला, 54 पुरुष तथा कुल 120 प्रतिभागियों ने भाग लिया तथा इस प्रतियोगिता के दौरान तीन दिनों में महिला वर्ग में 65 व पुरुष वर्ग में 51 तथा कुल 116 बाउट खेले गए। तथा उन्होंने इस सफल आयोजन के लिए महाविद्यालय के समस्त स्टाफ सदस्यों का हार्दिक धन्यवाद किया। इस अवसर पर बाहर से आये विशिष्ठ अतिथियों में डॉ. कुलदीप बैनिवाल, डॉ. कुलदीप थिण्ड, डॉ. रणधीर सिंह, डॉ. उपेन्द्र ने शिरकत की और खिलाडियों का हौंसला बढ़ाया। अन्य प्रशिक्षक एवं अधिकारीगण में डॉ. बृजेन्द्र सिंह ढाण्डा, डॉ. विक्रम ढुल, श्री अमरजीत सिंह, श्री रणधीर ढाण्डा, श्री सुनिल डांगी, सुनील, महेन्द्र, नीरज, सत्येवान, रणधीर, वेदप्रकाश , देवेन्द्र एवं स्वीटी ने प्रतियोगितायों का बारिकी से विश्लेषण किया।

### यूं रहे परिणाम

*46-48 किलो भार वर्ग में विजय, राजकीय महाविद्यालय, कैथल को नेकी राम कॉलेज, रोहतक के आकाश ने हरा कर स्वर्ण पदक जीता।*

*48-51 किलो भार वर्ग में अपूर्व, जी. जे.यू. हिसार को हरा कर नीतू, डी. एन.,कॉलेज, हिसार ने स्वर्ण पदक जीता।*

*51-54 किलो भार वर्ग में हर्ष, आर.के. एस. डी. कॉलेज कैथल को हराकर डी.एन.,कॉलेज, हिसार के साहिल ने स्वर्ण पदक जीता।*

*54-57 किलो भार वर्ग में अरुण, के. एम .नरवाना को हरा कर आशीष ढांढा आरकेएसडी कॉलेज कैथल ने स्वर्ण पदक जीता।*

*57-60 किलो भार वर्ग में नीतीन राजकीय महाविद्यालय नरवाना को हरा कर लक्की, आरकेएसडी कॉलेज कैथल ने स्वर्ण पदक जीता।*

*60-63.5 किलो भार वर्ग में विशाल आरकेएसडी कॉलेज कैथल को हरा कर मुक्कुल डीएन हिसार ने स्वर्ण पदक जीता।*

*63.5-67 किलो भार वर्ग में कुश, नीलम विश्वविद्यालय कैथल को हरा कर अंकुश, आरकेएसडी कॉलेज कैथल ने स्वर्ण पदक जीता।*

*67-71 किलो भार वर्ग में हिमांशु, जाट कॉलेज हिसार को हरा कर आशीष एसएसजीसी सिरसा ने स्वर्ण पदक जीता।*

*71-75 किलो भार वर्ग में विमल, आरकेएसडी कॉलेज कैथल को हरा कर प्रवीण जाट कॉलेज, हिसार ने स्वर्ण पदक जीता।*

*75-80 किलो भार वर्ग में अंकुर, एसएसएसडी कॉलेज, फतेहबाद को हरा कर उदय, जनता कॉलेज, कौल ने स्वर्ण पदक जीता।*

*80-86 किलो भार वर्ग में चंद्रमोहन राजकीय महाविद्यालय, कैथल को हरा कर अमन, आरकेएसडी कॉलेज कैथल ने स्वर्ण पदक जीता।*

*86-92 किलो भार वर्ग में प्रयांश राजकीय महाविद्यालय, कैथल को हरा कर अंकित, एसएसएसडी कॉलेज, फतेहबाद ने स्वर्ण पदक जीता।*

*92 से अधिक किलो भार वर्ग में यश, राजकीय महाविद्यालय, कैथल को हरा कर गुरमीत, आरकेएसडी कॉलेज कैथल ने स्वर्ण पदक जीता।*



**कैथल।** एनआईआईएलएम विश्वविद्यालय में प्रो . अनिल कुमार की नियुक्ति करते अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

## विश्वविद्यालय में जल्द 300 बिस्तर के अस्पताल का निर्माण होगा : प्रो. शमीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

एनआईआईएलएम विश्वविद्यालय कैथल के कॉन्फ्रेंस हॉल में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। इसमें विश्वविद्यालय कुलपति प्रोफेसर शमीम अहमद ने कहा कि विश्वविद्यालय लगातार छात्रों के हितों के लिए प्रयासरत है और शहरी क्षेत्र के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी शिक्षा स्वास्थ्य और रोजगार को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयासरत है जिसके लिए विवि में छात्रों को हर प्रकार की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है और विश्वविद्यालय में बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर एवं वातावरण छात्रों को उपलब्ध करवाया जा रहा है। विश्वविद्यालय अपने रिसर्च प्रोग्राम को लेकर भी बहुत गंभीर है और भूमिगत जल की समस्या एवं समाधान और वर्तमान स्थिति को लेकर बहुत बड़ा रिसर्च प्रोजेक्ट विश्वविद्यालय शुरू करने वाला है। इसके अलावा विश्वविद्यालय द्वारा विश्वविद्यालय प्रांगण में जल्द ही 300 बिस्तर के अस्पताल का निर्माण जल्द ही शुरू किया जाएगा, जिससे ज्यादा से ज्यादा लोग आने वाले समय में स्वास्थ्य लाभ ले सकेंगे। कुलपति महोदय ने कहा कि लोकपाल की नियुक्ति के संदर्भ मे विवि ये कहना चाहता है कि विवि, लोकपाल की नियुक्ति से संबंधित सूचना विवि अनुदान आयोग को ईमेल के माध्यम से भेजकर सूचित कर चुका है।

### पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन

**पूंडरी।** उच्च शिक्षा संस्थान द्वारा विद्यालयों की मेंटरिंग प्रोग्राम के तहत राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पूंडरी में मॉडल मेकिंग और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता करवाई गई। रिसोर्स पर्सन कुमारी मोनिका असिटेंट प्रोफेसर, कन्या महाविद्यालय पुंडरी ने बच्चो को विज्ञान विषय की जटिल अवधारणाओं को गतिविधियों के माध्यम से कैसे रुचिकर बनाया। इसके बारे में बताया कि प्रथम, द्वितीय और तृतीय अने वाले विद्यार्थियों को क्रमश: 1000,500,200 रुपये से सम्मानित किया गया।



## महिला आयोग की अध्यक्षा रेनू भाटिया को हटाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

जनवादी महिला समिति मांग करती है कि हरियाणा राज्य महिला आयोग की अध्यक्षा रेनू भाटिया को उनके पद से तुरंत हटाया जाए। गौरतलब है कि 19 मार्च को रोहतक में महिला सशक्तिकरण और साइबर अपराध विषय पर सुपवा द्वारा आयोजित एक सेमिनार में हरियाणा महिला आयोग की अध्यक्ष ने महिलाओं व उनसे सम्बन्धित विभागों के संदर्भ में बेहद आपत्तिजनक बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि अगर लड़कियां अपने घर का मैनेजमेंट ठीक करें तो महिला आयोग और महिला थानों की जरूरत नहीं होगी। उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें सबसे खराब व सबसे बुरा महकमा महिला आयोग लगता है। जनवादी महिला समिति की जिला अध्यक्ष सुनीता ने उक्त ब्यान की निंदा करते हुए कहा कि महिला आयोग और महिला थाने राज्य सरकारों ने महिलाओं को थाली में सजा कर नहीं दिए। ये आयोग और थाने जनवादी महिला समिति समिति जैसे संगठनों व सम्पूर्ण प्रगतिशील आंदोलनों के संघर्षों का परिणाम हैं। इनका गठन समाज में महिलाओं के दोयम दर्जे को समझते हुए उनकी बेहतर स्थिति बनाने की दिशा में काम करने के लिए किया गया था।

## 32 मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित

- एमडीएन ग्लोबल स्कूल में पारितोषिक वितरण समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

शैक्षणिक उत्कृष्टता और विलक्षण प्रतिभा को सम्मानित करने हेतु एमडीएन ग्लोबल स्कूल, कैथल में परितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मेघा स्कॉलरशिप और जीनियस-20 स्कालरशिप विजेताओं को विभिन्न पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। समारोह की शुरूआत छात्रों, अभिभावकों सहित उपस्थित सभी लोगों के गर्मजोशी से स्वागत के साथ हुई। विद्यालय के निदेशक डॉ विनोद कुमार और चेयरपर्सन निधि कंसल ने बताया कि 17 मार्च को विद्यालय में मेघा स्कॉलरशिप और जीनियस-20 स्कॉलरशिप का आयोजन किया गया। निःशुल्क आयोजित इस परीक्षा का आयोजन चार श्रेणियों में किया गया। जिसमें प्रथम श्रेणी में कक्षा पहली व दूसरी, द्वितीय श्रेणी में कक्षा तीसरी से पांचवीं, तृतीय श्रेणी में कक्षा छठी से आठवीं और चतुर्थ श्रेणी में कक्षा नौवीं और ग्यारहवीं के 790 विद्यार्थियों ने भाग लिया। जिसके अंतर्गत अपनी शैक्षणिक विलक्षणता का परिचय देते हुए विभिन्न श्रेणियों में 32 विद्यार्थियों ने विभिन्न पुरस्कार प्राप्त किए। जिनमें प्रथम तीन स्थान प्राप्तकर्ता को ब्रांडेड साइकिलों और सांत्वना पुरस्कार प्राप्तकर्ता को घड़ी देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के मैनेजर डॉ गौरव गर्ग व स्कूल प्रधानाचार्य डॉ. सन्त कौशिक ने बताया कि प्रथम श्रेणी में सेजल, कृतिका, विराज ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान एवम्-रुद्राक्ष , शिवांश, कृतिका, मणिकर्णिका, वंशिका, दुष्यंत और हार्दिक ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किए। वहीं द्वितीय श्रेणी में प्रियांश ने प्रथम, ईशानी ने द्वितीय, गायू ने तृतीय स्थान व इयान, आरव गर्ग, पनवी, गम्या और विशांक ने सांत्वना पुरस्कार अपने नाम किए।





**कैथल।** निदेशक डॉ विनोद विद्यार्थियों को साइकिल देकर सम्मानित करते हुए।

### चालकों को नशे के दुष्परिणाम बताए

**पूंडरी।** हरियाणा में नशे के विरुद्ध कठोर से कठोर कदम उठाए जा रहे हैं। इस कड़ी में उच्च अधिकारियों के आदेशानुसार ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा नशे के विरुद्ध प्रचार प्रसार में जुटे हुए हैं। वे आज ढांड पहुंचे और विभिन्न वाहनों के संगठनों में गए जहां पर विभिन्न वहां चालकों को एकत्रित कर उन्हें नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया। उन्होंने वातार्लाप के माधयम से एकत्रित लोगों को बताया कि हरियाणा में नारकोटिक्स कन्ट्रोल ब्यूरो का गठन हो चूका है। इस ब्यूरो का एकमात्र उद्देश्य हरियाणा प्रान्त को नशा मुक्त करना है। इसके लिए ब्यूरो और हरियाणा पुलिस नशे की तस्करी में संलिप्त अपराधियों को प्रतिदिन सलाखों के पीछे भेजने का कार्य कर रही है। इतना ही नहीं नशे में ग्रस्त हो चुके लोगों का निशुल्क उपचार कराया जाता है।

## अपनी व्यस्त दिनचर्या में से खेल के लिए कुछ समय जरूर निकालें जवान : एसपी



रस्साकसी में दमखम दिखाती महिलाएं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

- जिला पुलिस व पैरामिलिट्री फोर्स के जवानों के बीच खेल प्रतियोगिता

जिला पुलिस जवानों तथा कानून व व्यवस्था ड्यूटी व लोकसभा इलेक्शन के लिए जिला में आए पैरामिलिट्री फोर्स के जवानों को तनावमुक्त व फिट रहने के लिए एसपी उपासना के निर्देशानुसार पुलिस लाइन कैथल में रस्साकसी व वॉलीबॉल के मैच करवाए गए। इस दौरान आरएएफ की महिलाओं व जिला पुलिस की महिला टीम के मध्य भी रस्साकसी का मैच व दौड़ प्रतियोगिता व पंजा लड़ाओ प्रतियोगिता करवाई गई। इस दौरान एसपी उपासना द्वारा खिलाडियों को संदेश देते कहा कि वे अपनी व्यस्त दिनचर्या में से खेल के लिए कुछ समय जरूर निकालें। प्रत्येक व्यक्ति द्वारा किसी न किसी खेल में अवश्य भाग लेना चाहिए, जिससे ना सिर्फ मानसिक तनाव कम होता है, अपितु उसकी कार्यक्षमता में भी इजाफा होता है। डीएसपी ललित कुमार, लाइन प्रबंधक एसआई सतपाल, एसआई अतर सिंह तथा अन्य पुलिस कर्मचारी व पैरामिलिट्री फोर्सेज के अधिकारी मौजूद रहे।

### न्यू लिटिल स्टार पब्लिक स्कूल में हर्ष से मनाया विश्व जल दिवस



**राजौंद।** शुक्रवार को न्यू लिटिल स्टार पब्लिक स्कूल कसान में जल जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल के प्राचार्य नंदलाल द्वारा की गई। इस दौरान ब्लॉक आईसी एक्सपर्ट नरसिंह मौजूद रहे। कार्यक्रम में सभी छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। इस कार्यक्रम का मुख्य विषय भूजल संरक्षण करना और उसका सदुपयोग करना रहा। प्राचार्य नंदलाल ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि भूजल संरक्षण करना हम सबका सबसे पहला कर्तव्य है। कलेक्टर को.ऑर्डिनेटर विनोद कुमार ने कहा कि जल ही जीवन है। जल के बिना जीवन के एक पल की कल्पना नहीं की जा सकती। इसलिए जल का निरर्थक उपयोग रोक, जल संरक्षण में अपना सार्थक सहयोग करें। उन्होंने कहा कि जल हमारे लिए जीवन, आस्था और विकास की धारा है। इसलिए हमारा कर्तव्य बनता है कि हम सब मिलकर जल संरक्षण के लिए जन.जन तक जागरुकता फैलाएं। वीरेन्द्र सिंह, सारिका आदि मौजूद रहे।

## कांग्रेस के खाते फ्रीज करना लोकतंत्र का हनन: प्रदीप

- राजनीतिक द्वेष के चलते भाजपा कर रही विपक्षियों पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ढांड

हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के खास समर्थक प्रदीप कुमार चौधरी ने भाजपा सरकार द्वारा कांग्रेस के खाते फ्रीज किए जाने पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए इसे पूरी तरह गैर-कानूनी और अलोकतांत्रिक करार दिया। प्रदीप कुमार क्षेत्र में कांग्रेस की नीतियों का प्रचार करने के दौरान युवाओं व गण्यमान्य लोगों से रू-ब-रू हो रहे थे। कस्बे में स्थित विस्तार अनाज मंडी में बातचीत करते हुए कांग्रेस प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य प्रदीप कुमार ने कहा कि पूरे देश में आचार संहिता लगी हुई है, लेकिन ठीक चुनाव के मध्य देश के सबसे बड़े विपक्षी दल कांग्रेस के विरूद्ध इस तरह की कार्रवाई राजनीतिक द्वेष को दर्शाती है। प्रदीप चौधरी ने कहा कि स्वस्थ लोकतंत्र के लिए निष्पक्ष चुनाव का होना जरूरी है। निष्पक्ष चुनाव के लिए प्रत्येक दल को लेवल प्लेयिंग फील्ड मिलना चाहिए। चुनाव के दौरान सभी दलों को समान अवसर प्राप्त होने आवश्यक है। लेकिन सत्ताधारी बीजेपी देश की राजनीति पर एकाधिकार स्थापित करने की मंशा से लगातार विपक्ष को निशाना बना रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि स्वतंत्र जांच एजेंसियों द्वारा विपक्षी नेताओं पर आनन-फानन में कार्रवाई की जा रही है। बिना दोष साबित किया विपक्ष के नेताओं को जेल भेजा जा रहा है।



**ढांड।** प्रदीप कुमार युवाओं व गण्यमान्य लोगों से रू-ब-रू होते।

### आरकेएसडी कालेज की छात्राओं ने टॉप टेन में प्राप्त किया स्थान





**कैथल।** आरकेएसडी महाविद्यालय के सायंकालीन सत्र के एम ए अर्थशास्त्र की छात्राओं ने कुविवि द्वारा जारी परीक्षा परिणाम में पहले 10 में से दो स्थान हासिल कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। एम ए प्रथम सत्र की छात्रा वंदना ने दसवां एवं तृतीय सत्र की छात्रा नेहा ने आठवां स्थान प्राप्त किया। इन मेधावी छात्राओं को महाविद्यालय में बुलाकर आरवीएस के प्रधान अश्विनी शोरेवाला, प्रबंधन समिति के प्रधान साकेत मंगल अधिवक्ता एवं उनके सभी सम्मानित कॉलेजियम के पदाधिकारियों, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ संजय गोयल, सायंकालीन सत्र के प्राचार्य प्रभारी डॉ हरिंदर गुप्ता द्वारा 2100 रुपए प्रति छात्रा को नगद राशि देकर सम्मानित किया गया और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए मंगलकामनाएं की और कहा कि अर्थशास्त्र विभाग के विद्यार्थी हर सत्र की परीक्षा में टॉप करते हैं। मेधावी छात्राओं ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता एवं शिक्षकों को दिया। इस अवसर पर डॉ मीनू अग्रवाल, प्रो रेनू जांगड़ा, डॉ मनोज मनोज उपस्थित रहे।

## जीपीएस विद्यालय में विश्व जल दिवस मनाया

# पानी के महत्व को समझना होगा : दीपक कुमार

हरिभूमि न्यूज. कैथल

जीपीएस विद्यालय कैलरम द्वारा शुक्रवार को विश्व जल दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के वासो के जिला सलाहकार दीपक कुमार ने मुख्य अतिथि के रुप में शिरकत की। वही वशिष्ठ तिथि विषय विशेषज्ञ विक्रम सिंह रहे। वही कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य सुभाष चंद्र शर्मा ने की। इस कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि जिला सलाहकार दीपक कुमार ने छात्राओं को पानी के महत्व के बारे में समझाया ही नहीं बल्कि, इसे प्रैक्टिकल करके दिखाया। इसमें बताया कि किस प्रकार से देश में पानी की बबार्दी के कारण भूमि का जल स्तर लगातार गिर रहा है। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए जिला सलाहकार दीपक कुमार ने बताया कि हमें पानी के महत्व को समझना होगा, नहीं तो हमारी आने वाली पीढ़ी को जल संकट का सामना करना पड़ेगा। जिला सलाहकार दीपक कुमार ने बताया कि विश्व में पहली बार विश्व जल दिवस 1993 में मनाया गया। 31 साल बाद भी पानी को लेकर गंभीर होने की जरूरत है। मुख्य अतिथि दीपक कुमार ने छात्रों से मेक कैलरम वाटर पॉजिटिव चलने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जल साक्षरता को लेकर कार्य करना होगा। प्रत्येक व्यक्ति को जल साक्षरता अभियान से जोड़ना होगा। तभी जाकर जल संरक्षण होगा।





**कैथल।** छात्र-छात्राओं को जल संरक्षण के बारे में जानकारी देते जिला सलाहकार दीपक कुमार।

### विश्व जल दिवस पर महाविद्यालय की छात्राओं को भूजल प्रबंधन को लेकर किया जागरुक

**कैथल।** अमरनाथ भगत जय राम कन्या महाविद्यालय सेरधा में विश्व जल दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता के रुप में विषय विशेषज्ञ विक्रम सिंह ने शिरकत की। उन्होंने बताया कि पहली बार वर्ष 1993 में विश्व जल दिवस मनाया गया। आज 31वां विश्व जल दिवस मनाया जा रहा है। पूरा विश्व आज जल को लेकर चिंतित है। आज देश-विदेश में कई बड़े शहर पानी की कमी से जूझ रहे हैं और कई इसके मुहाने पर खड़े हैं। जल स्त्रोतों के तेजी से बढ़ते दोहन और जनसंख्या के दबाव के कारण यह आने वाले समय में विकराल संकट के रुप में हमारे सामने है। लेकिन उसके बावजूद हम समस्या की गंभीरता को समझने को तैयार नहीं हैं। हमें आज बारिश की एक एक बूंद को रिचार्ज और संचय करने के साथ साथ हमारे पास नदियों और भूजल के रुप में मौजूद जल का भी सदुपयोग करना होगा। आज हमें अधिक पानी वाली फसलों की बजाय कम पानी वाली फसलों को बढ़ावा देने की जरुरत है। साथ साथ आधुनिक तकनीक और विधियों को अपनाकर भूजल दोहन को रोकना होगा। भूजल हमारे पास उपहार के रुप में उपलब्ध है और हमें इसका सदुपयोग करना चाहिए।

### सूचना

मैं, शिवम् शर्मा पुत्र श्री राजेन्द्र शर्मा निवासी गांव पिल्लुखेड़ा मण्डी, तहसील सफीदों जिला जीन्द बयान करता हूं कि मेरा सही नाम शिवम् शर्मा है जोकि मुझे गांव में संबोधित किया जाता है और मेरे सभी कागजातों में मेरा नाम शिवम् है। शिवम् शर्मा और शिवम् ये दोनों नाम मेरे ही हैं।

# होली को खेलें जरा ध्यान से, जहां तक हो सके, इको फ्रेंडली रंग और गुलाल ही लगाएं

■ त्वचा, आंखों, बालों को रंगों से हो सकता है नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

## होली पर्व पर सेहत को दुरुस्त रखने के लिए इन बातों का रखें ख्याल



नागरिक अस्पताल के डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने कहा कि होली खेलने के पहले ही अपने बालों सहित पूरी त्वचा पर सरसों का तेल लगाएं और होली खेल कर नहाने के बाद नारियल या बादाम का तेल लगाएं। इससे त्वचा को नुकसान कम से कम पहुंचेगा और बाद में त्वचा को पर्याप्त नमी व पोषण भी मिल पाएगा। जहां तक हो सके, इको फ़ेरंडली रंग और गुलाल ही खरीदें। रंग खरीदते समय गुणवत्ता को लेकर पूरी पुष्टि करें। डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने बताया कि अगर आप चश्मा या कॉन्टैक्ट लेंस पहनते हैं तो उसे हटाकर ही रंग खेलें। गर्भवती महिलाओं को इन हानिकारक रंगों से बचाव और भी जरूरी है क्योंकि इनका बुरा असर बच्चे तक भी पहुंच सकता है। ऐसे में होली खेलते हुए सावधानी अवश्य बरतें।

## रंगों को लेकर पूरी सावधानी बरतें : डॉ. वैशाली



नागरिक अस्पताल की आई सर्जन डा. वैशाली ने कहा कि होली बीत जाने के बाद अक्सर लोगों में आंखों में जलन, लालिमा और सांस से संबंधित समस्याएं बढ़ जाती हैं। इसके अलावा त्वचा पर फफोले, रैशेज, खुजली, जलन जैसी समस्याएं भी सामने आती हैं। ऐसे में जरूरी यह है कि रंगों को लेकर पूरी सावधानी बरती जाए। होली खेलते समय यदि रंग या गुलाल आंखों या मुंह में जाता है तो तुरंत सबसे पहले साफ पानी से सफाई करें या कुल्ला करें। यदि आपको अस्थमा या किसी प्रकार की स्किन एलर्जी है तो रंग खेलने से पहले ही स्पष्ट कर दें या 'याद्। रंग न खेलें। होली के रंगों में कुछ मात्रा में एसिड भी हो सकता है। जिसकी वजह से आंखों या त्वचा पर जलन या दर्द हो सकता है। यदि आपको लग रहा है कि किसी के रंग लगाने के बाद ऐसा हुआ है तो सबसे पहले साफ पानी से तुरंत रंग को धोएं।

हमारे देश में हर त्योहार को स्नेह व उल्लास से मनाया जाता है। इनमें होली एक ऐसा त्योहार है जो हर भेदभाव को मिटा कर सबको पास ले आता है। रंगों से भरे इस त्योहार की सबसे बड़ी खूबी ही ढेर सारे रंग और गुलाल में बसी होती है लेकिन होली के दौरान बरती गई थोड़ी सी भी लापरवाही आपको कई तरह की समस्याओं का शिकार बना सकती है। यह परेशानी त्वचा से लेकर आंखों, बालों तक को होली के रंग नुकसान पहुंचा सकते हैं। इसलिए जरूरी है कि रंगभरे इस त्योहार के पहले थोड़ी सतर्कता बरती जाएए ताकि सेहत से कोई लापरवाही न होने पाए। नागरिक अस्पताल की आई सर्जन डा. वैशाली ने बताया कि गुलाल में भी कई बार बारीक पिसा कांच तथा एस्बेस्टोस-सिलिका जैसे खतरनाक तत्व हो सकते हैं जिनसे किडनी, लीवर, हड्डियों को नुकसान, आंखों को स्थायी क्षति या अस्थमा जैसी समस्या हो सकती है। वहीं पानी में घुल जाने वाले कुछ रंगों में भी रसायन का प्रयोग किया जाता है। यदि गलती से भी यह आंख, नाक, मुंह के जरिये शरीर में चले जाएं तो गंभीर मुश्किल खड़ी हो सकती है। अगर आपको सूखे रंग या गुलाल में कोई चमक दिखती है तो यह कांच के पाउडर हो सकता है। यह त्वचा के साथ ही आंखों और बालों को भी नुकसान पहुंचा सकता है। इससे दूरी बनाएं। रंगों को एक बार सूंघ कर देखें। यदि आपको इसमें किसी प्रकार के रसायन या ऑयल की बदबू आती है तो इसे न खरीदें।

## खबर संक्षेप



### गीताजंलि ने केमिस्ट्री में पीएचडी डिग्री हासिल की

**कलायत।** कलायत की बेटी गीताजंलि जदगेवा ने केमिस्ट्री में पीएचडी डिग्री हासिल की है। अब वे डा.गीतांजलि जगदेवा के नाम से जानी जाएंगी। कैमिस्ट्री विषय में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के जरिये उन्होंने इस उपलब्धि पर अपना नाम लिखा है। इससे परिवार, समाज व क्षेत्र के लोग उत्साहित हैं। होनहार बेटी के पिता डा.सुरेश जगदेवा और माता शांता की खुशियों का ठिकाना नहीं है। डा.सोहन लाल और डा.संजीव ने गाइड की भूमिका अदा की।

### शुभकरण के अस्थि कलश 26 को आएंगे चीका

**गुहला चीका।** भारतीय किसान यूनियन शहीद भगत सिंह के जिला प्रधान जगदेव पूनिया ने कहा कि पिछले दिनों किसान आन्दोलन पार्ट 2 में खनौरी बार्डर पर शहीद हुए युवा किसान शुभ करण की कलश यात्रा 26 मार्च को गुहला चीका क्षेत्र में प्रवेश करेगी। उन्होंने बताया कि जैसे ही कलश यात्रा कैथल से चीका क्षेत्र में प्रवेश करेगी तो यहां के सुप्रसिद्ध शहीद उधम सिंह चौक पर बड़ी संख्या में किसान शहीद शुभ करण को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।

### विवाहिता दो बच्चों सहित लापता

**कैथल।** जिले के एक गांव से एक विवाहिता दो बच्चों सहित लापता हो गई। पुलिस ने इस संबंध में केस दर्ज कर लिया है। एक युवक ने पुलिस को शिकायत दी कि 19 मार्च को शाम के समय उसकी 25 वर्षीय पत्नी बिना बताए घर से कहीं चली गई।

## बिना अनुमति के कालोनी काटकर लोगों को लगा रहे करोड़ों का चूना

# शहर में भू-माफिया के हौसले बुलंद, कार्रवाई नहीं

डीटीपी कार्यालय द्वारा अवैध निर्माण हटाने के तुरंत बाद फिर से किया निर्माण कार्य शुरू।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल





**कैथल।** डीपीटी द्वारा हटवाए गए अवैध निर्माण व अवैध कालोनी में बनाई जा रही सड़क। फोटो : हरिभूमि

शहर में भू-माफिया पूरी तरह से सक्रिय हो गया है। भू-माफिया ने हाल ही में ढांड रोड स्थित एक प्राइवेट स्कूल को खरीदकर हाथोंहाथ प्लाट काटकर बेच दिए। मजे की बात यह है कि भू-माफिया के हौसले इस कदर बुलंद हैं कि वे कृषि योग्य भूमि पर सरेआम दुकान व शोरूम काटकर मोटे दामों पर बेच रहे हैं। इस ओर जिला नगर योजनाकार व जिला प्रशासन की टीम लंबी तान कर सोई है। हालांकि नगर योजनाकार विभाग द्वारा इस कालोनी में 12 मार्च को ही अवैध निर्माण को गिराया था लेकिन इसके बावजूद भू-माफिया ने फिर से गिरे प्लाट व दुकानों के साथ-साथ वहां पर गलियां व अन्य निर्माण कार्य जोर-शोर से शुरू कर दिया है। निर्माण कार्य जोर-शोर से शुरू होने के कारण शहरवासी व ग्रामीण वहां पर अपनी खून पसीने की गाढ़ी कमाई लगा रह हैं लेकिन उन्हें पता नहीं है कि यह कालोनी पूरी तरह से अवैध है तथा इस पर किसी भी समय जिला प्रशासन का पीला पंजा चल सकता है।

विशेष बात यह है कि यह कालोनी सनसिटी के सामने होने व नगर के पास होने के कारण हर कोई यहां पर अपना मकान व दुकान बनाने के प्रयास में करोड़ों रुपये की राशि फंसा रहा है लेकिन यह अवैध होने के कारण यहां पर पीले पंजे की कार्रवाई होना तय है। भू-माफिया द्वारा अंबाला रोड पर एंकाश मोटर के साथ पड़ी जमीन पर भी 200 दुकान काटी गई हैं। इसी प्रकार से अमृत पैलेस के सामने भी अवैध कालोनी का निर्माण कार्य जोरशोर से चल रहा है।

### अवैध कॉलोनी पर चलेगा पीजा पंजा : रोहित चौहान

जिला नगर योजनाकार रोहित चौहान ने बताया कि हाल ही में सनसिटी के सामने कॉलोनी की सड़कों तथा मकान को पीले पंजे के साथ हटाया गया था। वर्तमान में आचार संहिता लगी हुई है यदि कोई अवैध कॉलोनी में निर्माण कार्य करता है तो आचार संहिता हटने के तुरंत बाद वहां पर पीले पंजे की कार्रवाई की जाएगी तथा सभी प्रकार के अवैध निमार्णों को गिराया जाएगा। उन्होंने आम जन का आह.वान किया कि वे सस्ते प्लेटो के चक्कर में प्रॉपर्टी डीलरों के बहकावे में आकर अवैध कॉलोनी में प्लांट अधिनियम खरीदे तथा न ही किसी प्रकार का निर्माण करें। वे जमीन खरीद करने से पहले डीटीपी कार्यालय से कॉलोनी की वैधता बारे पूर्ण जानकारी हासिल कर लें। इसके साथ ही उन्होंने जिले के सभी तहसीलदारों में नायब तहसीलदारों से भी अनुरोध किया कि वह रजिस्ट्री करने से पूर्व सरकार द्वारा जारी हिदायतों का पालन करें ताकि अवैध कॉलोनी को रोका जा सके। जिला नगर योजनाकार ने सभी प्रॉपर्टी डीलरों में भू मालिकों को चेताया कि विभाग द्वारा भविष्य में भी अवैध निर्माण के खिलाफ सख्त कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी। उन्होंने सरकार द्वारा चलाई गई ग्रुप हाउसिंग स्कीम, दीनदयाल हाउसिंग स्कीम, अफॉर्डेबल ग्रुप हाउसिंग स्कीम जिसमें 5 एकड़ भूमि पर लाइसेंस प्रदान किया जाता है में आवेदन करके कॉलोनी काटने की जरूरी अनुमति प्राप्त करें वह शहर वासियों को सस्ता मकान या निवास उपलब्ध करवाएं।



**जींद।** कुदरत कौर का स्कूल में स्वागत करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## लेफ्टिनेंट पद पर चयनित होने पर कुदरत कौर का स्वागत

■ महर्षि विद्या मंदिर स्कूल की पूर्व छात्रा रही हैं कुदरत कौर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

महर्षि विद्या मंदिर स्कूल की पूर्व छात्रा रही कुदरत कौर का भारतीय सेना में सीडीएस की परीक्षा में 14वां रैंक हासिल कर लेफ्टिनेंट पद पर चयन होने के बाद शुक्रवार को स्कूल पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। कुदरत कौर अशरफगढ़ गांव के निशान सिंह की बेटी हैं और वो ट्रेनिंग के लिए 28 मार्च को चेन्नई रवाना होगी।

कुदरत ने नर्सरी से लेकर 12वीं तक की पढ़ाई महर्षि विद्या मंदिर में की। 12वीं कक्षा में वह जिले में प्रथम रही थी। स्कूल पहुंचने पर फूलमालाओं के साथ कुदरत का स्वागत किया गया। स्कूल में छात्र, छात्राओं के साथ कुदरत ने बातचीत की और अपनी तैयारी के बारे में बताया। साथ ही छात्राओं के सवालों के जवाब दिए। सम्मान समारोह में कुदरत के पिता निशान सिंह, भाई जगपाल भी उपस्थित रहे। कुदरत कौर ने कहा कि चुनौतियों से लड़ कर अपने सपनों को साकार करने के लिए हम सपने देखेंगे तभी साकार कर पाएंगे। वह प्रतिदिन सुबह और शाम एक घंटा भावातीत ध्यान का अभ्यास करती थी और अपनी एकाग्रता के कारण ही इस उच्च पद को प्राप्त किया। उन्होंने अपने लक्ष्य को प्राप्त करने का प्रेरणास्त्रोत स्कूल के गुरुजन और माता-पिता को बताया। तत्पश्चात स्कूल में पौधारोपण किया।

## ईश्वर सिंह कन्या कॉलेज में होली की मस्ती

■ छात्राओं ने एक दूसरों को जमकर रंग और गुलाल लगाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी



**पूंडरी।** छात्राएं रंग गुलाल उड़ाती हुई। फोटो : हरिभूमि

ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय में होली के पावन पर्व पर एक रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन कल्चर कमेटी के संयोजक डा निधि वत्स और डॉ पुष्पा के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या डॉक्टर मधुबाला के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में बच्चों व स्टाफ सदस्यों ने रंगों व फूलों की होली खेली व एक दूसरे को इस रंग-बिरंगे पर्व की बधाई दी। डॉक्टर मधुबाला ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी एक दूसरे के साथ आदर्श, संवेदनशीलता और सहयोग की भावना के साथ रहना चाहिए। अपने संदेश में कहा कि हमें अपने आसपास के लोगों के साथ प्यार और सम्मान का बर्ताव करना चाहिए। होली का पर्व प्रेम, प्यार और आपसी सौहार्द का पर्व है। सात रंगों की तरह हर किसी का जीवन भी सतरंगी रहे। डॉक्टर निधी ने छात्राओं को होली के अवसर पर सद्भावना और भाईचारे से जीवन में आगे बढ़ना चाहिए। कमेटी के सदस्य डॉ गीता जायसवाल, डा

## कांग्रेस के खाते सीज किया जाना राजनीतिक द्वेष : प्रदीप गिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



■ आचार संहिता के बावजूद भाजपा कर रही अलोकतांत्रिक कार्रवाई

कांग्रेस वरिष्ठ नेता प्रदीप गिल ने सरकार द्वारा कांग्रेस के खाते सीज किए जाने पर कहा कि यह पूरी तरह से गैरकानूनी और अलोकतांत्रिक है। पूरे देश में आचार संहिता लगी हुई है लेकिन ठीक चुनाव के मध्य देश के सबसे बड़े विपक्षी दल कांग्रेस के विरूद्ध इस तरह की कार्रवाई राजनीतिक द्वेष को दर्शाती है। प्रदीप गिल ने कहा कि स्वस्थ लोकतंत्र के लिए निष्पक्ष चुनाव का होना जरूरी है। निष्पक्ष चुनाव के लिए प्रत्येक दल को लेवल प्लेयिंग फील्ड मिलना चाहिए। चुनाव के दौरान सभी दलों को समान अवसर प्राप्त होने आवश्यक है लेकिन सत्ताधारी बीजेपी देश की राजनीति पर एकाधिकार स्थापित करने की मंशा से लगातार विपक्ष को निशाना बना रही है। स्वतंत्र जांच एजेंसियों द्वारा विपक्षी नेताओं पर आनन.फानन में कार्रवाई की जा रही है। बिना दोष साबित किया विपक्ष के नेताओं को जेल भेजा जा रहा है। इंडिया गठबंधन की सहयोगी आम आदमी पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल के विरुद्ध की

## नानी बाई का मायरा कीर्तन का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

■ भगवान कृष्ण अपने भक्तों की हमेशा रक्षा करते हैं : सतीश गोयल

श्री श्याम मंदिर प्रबंधक कमेटी द्वारा 19 मार्च से सात दिवसीय 25वां फाल्गुन महोत्सव बड़े ही उत्साह व हषार्ेल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस श्री श्याम बाबा के उत्सव में चौथे दिन मंदिर प्रबंधक कमेटी द्वारा श्याम भक्तों के अनुरोध पर नानी बाई का मायरा नामक संकीर्तन का आयोजन मंदिर प्रांगण में किया गया। इसके मुख्य अतिथि सतीश गोयल मिर्चपुर वाले रहे तथा इस कीर्तन में भगवान श्री कृष्णा एवं श्याम बाबा की विभिन्न झांकियों से भक्तों को रूबरू करवाया गया कि किस प्रकार भगवान श्री कृष्ण अपने भक्तों की किन-किन रूपों में उनकी सहायता करते रहे हैं। इसमें शहर और आसपास की संस्थाओं के प्रतिनिधियों एवं मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह व पटका पहना कर संस्था की तरफ से सम्मानित किया गया। संस्था के प्रैस प्रवक्ता अशोक सेतिया तथा संजय गोयल ने बताया कि यह कार्यक्रम लगातार 7 दिन चलेगा।



**जींद।** श्री श्याम मंदिर प्रबंधक कमेटी द्वारा सजाया गया मंदिर परिसर। फोटो : हरिभूमि

## जेल से रिहाई के बाद ट्रैक्टरों के काफिले के साथ किसान नेता पहुंचे खटकड़ टोल

**जींद।** 37 दिन पहले दातासिंहवाला बार्डर से गिरफ्तार किए गए किसान नेताओं अक्षय नरवाल, प्रवीन मदीना, विरेंद्र कोयल के जमानत पर रिहा होने के बाद शुक्रवार को जिले भर के किसानों, ट्रैक्टर ट्रालियों के काफिले के साथ खटकड़ टोल पर पहुंचे। यहां पर तीनों किसान नेताओं का स्वागत किया गया। इसके बाद ट्रैक्टरों, गाड़ियों के काफिले के साथ किसान ललितखेड़ा पहुंचे और यहां से भैरोखेड़ा, निजामपुर, भावड़, घड़वाल, कोहला, बनवासा, कहलापा के बाद कथूरा धरने पर काफिला पहुंचा। यहां गांव में चल रहा धरना समाप्त करवाया गया। किसान नेत्री प्रियंका खरकरामजी, सुशील नरवाल, संदीप चहल ने बताया कि अक्षय, प्रवीन और विरेंद्र को बिना किसी कसूर के 37 दिनों तक जेल के अंदर रखा गया।



**जींद।** ट्रैक्टरों के काफिले के साथ उचाना धरने पर जाते हुए किसान नेता।

## नागरिक समाज की स्थापना के लिए शहीद भगत सिंह,राजगुरु,सुखदेव के विचारों की जरूरत

**कैथल।** मानव द्वारा मानव का शोषण व राष्ट्र द्वारा राष्ट्र का शोषण खत्म करने के लिये शहीद भगत सिंह,राजगुरु,सुखदेव ने साम्राज्यवाद का नाश हो और इन्कलाब जिंदाबाद के नारे की आवाज को बुलंद किया। इसका अर्थ है शोषणकारी व्यवस्था में परिवर्तन यानी नागरिक समाज की स्थापना।भय,भूख,बेरोजगारी ,जाती -धर्म व लैंगिग भेदभाव का खात्मा और सबके लिये रोजगार,बन्धुत्व,स्वतंत्रता, समानता से पुर्ण समाज का निर्माण की समझ रखने वाले इनके यही विचार शहीदे आजम का स्थान रखते हैं। यह हम उनके दस्तावेजों व मौजुद लेखों तथा पत्रों से समझ सकते हैं।इन विचारों का रास्ता ही आज भारत को संकट से निकाल सकता है। ब्रिटिश साम्राज्यवाद के खिलाफ इन लड़ाकों का विभिन्न स्वरूपों में संघर्ष जैसे भूख हड़ताल,ट्रेड डीसप्युट बिल व पब्लिक सेफ्टी बिल जैसे काले कानूनों के खिलाफ असेंबली में गूँगी बहरी सरकार का ध्यान आकर्षित करने के लिये बम धमाका, और हंसते- हंसते देश के लिये जान कुर्बान करने की ताकत विचारों में निहित थी।



**कैथल।** सेमीनार को संबोधित करते कामरेड प्रेम चंद। फोटो : हरिभूमि

## विद्यार्थियों के लिए 3.99 लाख रुपये जारी

**जींद।** मिशन बुनियाद केंद्रों पर पहले सत्र की कोचिंग ले रहे 114 विद्यार्थियों के लिए तीन लाख 99 हजार रुपये शिक्षा विभाग ने वर्दी और स्टेशनरी भत्ता जारी किया है। विभाग ने वर्दी और स्टेशनरी के लिए 3500 रुपये प्रति विद्यार्थी बजट जारी किया है। यह बजट डीपीसी कार्यालय को जारी हुआ है। यहां से बजट को लेकर विद्यार्थियों को जारी किया जाएगा। जिले में बुनियाद को लेकर पांच केंद्र बनाए गए हैं, जिसमें जींद में दो, जुलाना, सफीदों व नरवाना ब्लॉक में एक-एक केंद्र बनाया गया है। जींद में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, जुलाना का राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सफीदों का राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय व नरवाना के राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल शामिल हैं जहां पर कक्षा नौवीं और दसवीं के विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की कोचिंग दी जा रही है। 114 विद्यार्थियों में से जींद में 35, नरवाना में 38, जुलाना में 14 व सफीदों में 27 विद्यार्थी कोचिंग ले रहे हैं। समग्र शिक्षा अभियान जींद के एपीसी रणधीर ने बताया कि मिशन बुनियाद के तहत खंड स्तर पर बनाए गए केंद्रों पर चयनित विद्यार्थी कोचिंग ले रहे हैं।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हुडा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

## जिले के सभी 424 प्राथमिक विद्यालयों में चल रही एफएलएन गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी

# एडीसी ने ली निपुण हरियाणा मिशन के तहत बैठक

■ कक्षा चौथी और पांचवीं की परीक्षा में बच्चों ने पेन का ही प्रयोग किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



**जींद।** बैठक की अध्यक्षता करते हुए एडीसी। फोटो : हरिभूमि

निपुण हरियाणा मिशन के तहत जिला स्तरीय गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से निपुण हरियाणा मिशन के अंतर्गत अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय में जिला संचालन समिति बैठक का आयोजन अतिरिक्त उपायुक्त डा. हरीश वशिष्ठ की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी सुमित्रा, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी डा. सुभाष चंद्र वर्मा, एफएलएन के जिला समन्वयक राजेश वशिष्ठ सहित सभी खंड शिक्षा अधिकारी, खंड संसाधन संयोजक, ब्लॉक कोर्डिनेटर एफएलएन, डाइट प्रवक्ता, एपीसी, केआरपी, एसटीजी सदस्यों ने भाग लिया। एफएलएन के जिला समन्वयक राजेश वशिष्ठ ने जिले के सभी 424 प्राथमिक विद्यालयों में चल रही एफएलएन गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी। अतिरिक्त उपायुक्त डा. हरीश वशिष्ठ ने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों से सभी खंडों में चल रही एफण्एलएन गतिविधियों कि जानकारी ली व बाल वाटिका से कक्षा पांचवीं तक के बच्चों की वार्षिक परीक्षा से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर की। राजेश वशिष्ठ ने बताया कि विभाग द्वारा बाल वाटिका की परीक्षा केवल मौखिक तथा कक्षा पहली से तीसरी की परीक्षा मौखिक और लिखित दोनों प्रकार की हुई हैं। मौखिक परीक्षा में बच्चों से सुनने, बोलने और पढ़ने के कौशल को जांचा गया। लिखित परीक्षा में बच्चों का श्रुतलेख और लेखन कौशल तथा कक्षा आधारित दक्षताओं का परीक्षण किया गया। कक्षा पहली से तीसरी के शिक्षकों को निपुण हरियाणा टीचर एप से बच्चों का आंकलन का रिकॉर्ड 21 मार्च तक पूरा करना था लेकिन किन्ही कारणों से जिनका परिणाम अपलोड नही हो सका वो अभी भी कर सकते हैं।

कक्षा चौथी और पांचवीं की परीक्षा में बच्चों ने पेन का ही प्रयोग किया। जिले के सभी प्राथमिक विद्यालयों से कक्षा पहली से तीसरी के निपुण बच्चों का ब्यौरा एकत्रित किया गया। सभी प्राथमिक शिक्षकों का चार दिवसीय प्रशिक्षण जल्द ही शुरू होने वाला है जो अनुमानित 15 अप्रैल तक चलेगा। इसके लिए, सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को अपने अपने खंड के प्राथमिक शिक्षकों की बैच वाइज लिस्ट बनाने और अपने-अपने खंड में होने वाले प्रशिक्षण केन्द्रों के नाम जिला समन्वयक राजेश वशिष्ठ को बताने बारे कहा गया। सभी प्राथमिक शिक्षकों को स्पष्ट जानकारी देने बारे बताया गया कि अपने बच्चों का परिणाम रजिस्टर तथा निपुण हरियाणा टीचर एप पर अपलोड करना अनिवार्य है। विभाग द्वारा प्राथमिक कक्षाओं के बच्चों की सत्र शुरू होने से पहले ही पाठ्य पुस्तकें भेज दी है। इसलिए सभी शिक्षक उनको गिनकर संभाल ले। नया स्तर एक अप्रैल से शुरू होना है इसलिए सभी कक्षा इंचार्ज अपनी आगामी कक्षा के लिए कक्षा कक्ष को कक्षा अनुरूप प्रिंट रिच सहित तैयार कर ले।